Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | खबर ही नहीं, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 01-11-2021 | अंक 43

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941

बरही | चौपारण | बरकट्ठा | कोडरमा | इचाक | चंदवारा | गिरिडीह | चतरा | हजारीबाग | पदमा / चलकुशा | राज्य / देश

Website- www.apemlive.com | सच का साथी | Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में उपचालक घायल, चालक फरार

**अपेम लाइव : बरही**

बरही क्षेत्र अंतर्गत देवचन्दा के आस पास सड़क दुर्घटना में उपचालक बुरी तरह घायल हो गया। घायल का नाम सनोज कुमार 17 वर्ष पिता रामब्रिज राम सासाराम बिहार के निवासी थे। जानकारी के अनुसार सनोज हज़ारीबाग़ से लौटने के क्रम में देवचन्दा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में उपचालक बुरी तरह से घायल हो गया,और चालक अपने साथी को छोड़ फरार हो गया। सूचना मिलने पर आस पास के लोगो ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया । जहाँ प्राथमिक इलाज किया गया।




घायल उपचालक

## तिलैया जलाशय में तीन मत्स्य सहयोग समिति के लिए 12 लाख मत्स्य बीज का हुआ संचयन,

### मतस्य पालन कर अपनी आय वृद्धि कराने में सरकार संकल्पित : राजकुमार

**अपेम लाइव : बरही**

उपायुक्त हज़ारीबाग़ के निर्देशानुसार सोमवार को मत्स्य विभाग के सहयोग से तिलैया जलाशय के बेन्दगी केज साइट में 12 लाख मत्स्य बीज (अंगुलिकाएँ) का संचयन किया गया। इस कार्यक्रम में सीओ सह बीडीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधायक प्रति. निधि मत्स्य रंजीत निषाद, उप प्रमुख सिकंदर राणा मुख्य रूप से शामिल रहे। इस संचयन कार्यक्रम में मत्स्य प्रसार पदाधिकारी रजनी गुप्ता एव मत्स्य प्रसार पर्यवेक्षक राजकुमार ने अपनी निगरानी में मत्स्य बीज को तकनीकी रूप से जलाशय में संचयन किया। राज कुमार ने बताया कि सहायक मत्स्य निदेशक (तकनीकी) उमेश कुमार की उपस्थिति में सभी मत्स्य बीज को बड़े ही सावधानी से जलाशय में छोड़ा गया। इसमे बेन्दगी मत्स्य सहयोग समिति को 4 लाख, रसोइया धमना मत्स्य समिति को 4 लाख एवं कदवा मत्स्य सहयोग समिति को भी 4 लाख मत्स्य अंगु. लिकाएँ दिया गया। समिति के प्रत्येक सदस्य के नाम से बीज का संचयन किया गया। इस योजना के अंतर्गत




मतस्य बीज का संचयन करते मतस्य मित्र एवं अधिकारी गण

मत्स्य विभाग द्वारा तालाब तथा जलाशय मद का विकास एवं जीर्णोद्धार के अंतर्गत लाभुकों को लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने कहा कि मत्स्यपालन कर लोग अपना जीविकोपार्जन करते हैं। उनके जीविकोपार्जन को और इम्प्रोव करने के उद्देश्य से सरकार की ओर से निशुल्क मत्स्य बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे आय में वृद्धि होगी। मौके पर मत्स्य पालन की तकनीकी जानकारी भी दी गई। मौके पर उप प्रमुख सिकन्दर राणा, रंजीत निषाद, अशोक निषाद, राजू निषाद, कुन्दन निषाद, पोलो मियां, सहदेव यादव, मनोज साव, इशाक मियां, महेंद्र उरांव, गणेश निषाद ,प्रदीप निषाद आदि मौजूद थे।

## बरही विधायक ने अलग अलग पंचायतों में किया सोना सोबरन साड़ी, धोती और लूंगी का वितरण

**अपेम लाइवः बरही**



साडी धोती/लुंगी वितरण करते विधायक व अन्य

बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने सोमवार को बरही प्रखंड के कोल्हुअकला, डपोक, भण्डारो एवं विजैया पंचायत में शिविर लगाकर 400 लाभुकों के बीच सोना सोबरन योजना के थी धोती, साड़ी एवं लुंगी का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा किं झारखण्ड सरकार गरीबो की सरकार है। गरीबो का दुख दर्द को समझने वाली सरकार है। चुनाव में किए गए वायदे के मुताबिक साड़ी, धोती एवं लुंगी का वितरण किया जा रहा है। मोके पर बरही विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, बरही एम ओ आजाद सिंह, रघुवीर यादव,सुनील साहू, टेकलाल यादव, मनोहर यादव, बंटी ठाकुर सहित गांव के अन्य लोग शामिल

## अपील




बरही व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष सह बरही पश्चिमी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी कपिल प्रसाद केशरी ने बरही के जनता एवं दुकानदारो से अपील किया है, कि दीपावली एवं छठ पूजा में स्वदेशी वस्तुओं की ही खरीद बिक्री करें। चाइनीज वस्तुओं का बहिष्कार करें। ताकि हमारे देश का अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके और देश का गरीबी दूर हो । हमारे क्षेत्र के गरीब से गरीब व्यक्ति भी दीपावली एवं छठ पूजा धूमधाम से मना सके। हैपी दीपावली

## समाज सेवी रामचंद्र यादव ने जिप प्रत्याशी विमला देवी के समर्थन में चलाया जनसंपर्क अभियान, मांगा समर्थन, मिली सहमती

**अपेम लाइवः बरही**

बरही मध्य जिला परिषद उम्मीदवार बिमला देवी के पति सह सामाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र यादव ने भंडारों पंचायत के बेरीसाल में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान बैरीसाल में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि भंडारो बरही प्रखंड का एक सुदूरवर्ती इलाका है एवं प्रखंड मुख्यालय से 40 किलोमीटर की दूरी में बसा हुआ है। जिसके कारण इसका कम विकास हुआ है। ग्रामीणों द्वारा मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया गया। ग्रामीणों ने कहा कि हमलोग एकजुटता का परिचय देते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया था लेकिन आज तक इस गांव की वि. डंबना है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता के सुख-दुख का कभी ख्याल नहीं रख गया तथा इस गांव की मूलभूत समस्याओं को पूरा करने में खरा भी नहीं उतरे। जनता द्वारा विमला देवी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया गया । रामचन्द्र यादव ने भरोसा दिलाते हैं कहा की आप सभी समस्याओ को दूर करने व जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। आपके विश्वास को टूटने नही दूंगा। बैठक में सुनील यादव, दिनेश यादव, विकास यादव, उमाशंकर कुमार, मुकेश दास, अजय दास, अमित यादव, अनिल कुमार, अभिमन्यु पासवान, मि. थुन पासवान, सूरज यादव, मुकेश गुप्ता, लालू यादव, शुभम साहू, अनिल कुमार, प्रदीप यादव, मिथुन पासवान, प्रधान सकलदेव यादव, पूर्व मुखिया शराफत



ग्रामीणो के साथ बैठक करते रामचंद्र यादव

अली सहित दर्जनो ग्रामीण आदि उप. स्थित रहे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## विजैया में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, सामाजिक कार्यकर्ताओ ने किया सामुहिक रूप से उदघाटन

**अपेम लाइवः बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के प्लस टू हाई स्कूल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। बतौर अतिथि बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्या मुनेजा खातून, जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्वी जीप प्रत्याशी किशुन यादव, जीप प्रत्याशी पूर्वी रेणु यादव, मुखिया दसरथ यादव, सामाजिक कार्यकर्ता अनुज यादव ने फीता काटकर उदघाटन किया। उद्घाटन मैच अलगडीह व चतरो के बीच खेला गया। अलगड़ीहा ने ट०स जीतकर 10 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट खोकर 105 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी चतरो की टीम मात्र 86 रन पर ही सिमट गई। इस मैच में अलगडीहा ने 19 रन से मैच जीत लिया। मौके पर रवि प्रसाद, पप्पू खान, चन्द्रभूषण, त्रिलोकी प्रसाद, मुकेश यादव, दिनेश पासवान, विकी कुमार मौजूद थे। वहीं कमेंटेटर की भूमिका रोहित यादव एवं निर्णायक की भूमिका अजय साव व विक्की साव ने निभाया।




मैच का उद्घाटन करते मो0 क्युम व अन्य

## बरही पूर्वी के जीप प्रत्याशी किशुन यादव ने अपने क्षेत्र के कई गांवों का किया दौरा।

**अपेम लाइवः बरही**

बरही पूर्वी के जीप प्रत्याशी किशुन यादव ने अपने क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। जिनमे करमाटांड़, बे. हरवाटांड़, पाण्डेयटोला, ठाकुरटोला समेत कई अंत गांवों का भ्रमण किया। और लोगों से रूबरू हुए। लोगो ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। साथ ही जीप प्रत्याशी किशुन यादव ने कहा कि जिस प्रकार हमारे क्षेत्र की विकास होनी चाहिए थी। आज तक उस प्रकार का विकास नही हो पाया है। और आज तक हमारे क्षेत्र के लोगों को मुलभुत सुविधाओं से वंचित किया गया है। साथ ही उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि एक बार मुझे सहयोग करे। ताकि मैं अपने क्षेत्र का विकास कर सकूं।



जनसंपर्क करते जीप प्रत्याशी किशुन यादव

## रांची के डीओपी सह सिनेमेटोग्राफर रवि कुमार साहू ने भोजपुरी एवं हिंदी फिल्म में बनाई है अपनी विशिष्ट पहचान

## झारखण्ड इंटर नेशनल फ़िल्म फेस्टिवल में इनकी गिलुवा फ़िल्म का हुआ है चयन

**अपेम लाइवः बरही**

रांची के रहने वाले जाने माने डीओपी सह सिनेमेटोग्राफर रवि कुमार साहू ने भोजपुरी एव हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक खास पहचान बनाई है। उनके कार्यशैली का सभी दीवाना हैं। बरही में चल रही भोजपुरी फ़िल्म दिल्लगी हमार में भी इन्हीं के निर्देशन में शूटिंग की जा रही है। रवि 2013 में बतौर डीओपी काम की शुरुआत की। इनकीं पहली फ़िल्म गिलुवा का चयन झारखण्ड इंटर नेशनल फ़िल्म फेस्टिवल के लिए किया गया है। अबतक इन्होंने 6 हिंदी भोजपुरी फ़िल्म की डीओपी कर चुके हैं। 2 वेबसीरीज , 2 बेहतरीन श०र्ट फिल्म 50 म्यूजिक एलबम की भी इन्होंने डीओपी की है। इन्होंने काफी कम समय मे सिने. मेटोग्राफी में अपना विशेष स्थान बनाए है। उन्होंने झारखण्ड फ़िल्म नीति के संदर्भ में कहा कि झारखंड में कला, कलाकार एवं उनकी प्रतिभा में कोई कमी नही है, लेकिन झारखण्ड मेंही झारखण्ड के कलाकारों को उतना तवज्जो नही दिया जाता है। जितना दूसरे स्टेट में दिया जाता है। झारखण्ड सरकार द्वारा मिलने वाला अनुदान का लाभ झारखंडी कलाकारों को नही मिल पा रहा है। यदि सरकार अपने कलाकारों के कला विकास के लिए ईमानदारी पूर्वक काम करे,तो झारखण्ड में कला का विकास होगा। सरकार यदि स्थानीय कलाकारों को आर्थिक तौर पर सपोर्ट करे तो यहां भी फ़िल्म इन्डस्ट्री डेवेलप कर सकता है। एक फ़िल्म में दर्जनो कटेगरी होते हैं। सभी पार्ट के लिए रोजगार सृजन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय फ़िल्म या क्षेत्रीय फिल्मों को टैक्स फ्री किया जाना चाहिए। ताकि क्षेत्रीय फिल्मों को बढ़ावा मिल सके।



रवि कुमार साहू(डीओपी)



दिल्लगी हमार की शूटिंग करते डीओपी रवि कुमार साहू




अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016 , 9550809864 , 9431129570

**अपेम लाइव न्यूज**

**संध्या दैनिक अखबार के लिए प्रखंड स्तर पर संवाद सूत्र (पत्रकार) की जरूरत**

यदि आपमें अपने समाज के दबे कुचले, अभिवंचित वर्ग के लिए कुछ करने की जूनून है, यदि आप भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं। यदि आप निःस्वार्थ भाव से पत्रकारिता करने को इच्छुक हों तो आप अपेम लाइव न्यूज संध्या दैनिक अखबार से जुड सकते हैं।

**जिला : हजारीबाग**

प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है– ईचाक, चरही, बडकागांव, कटकमसांडी, हजारीबाग सदर, कट. कमदाग, पदमा, दारू, विजैया, चलकुसा

**जिला : चतरा**

प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है– ईटखोरी, टंडवा, चतरा सदर, कन्हाचट्टी, प्रतापपुर, सिमरिया, मयूरहंड, हंटरगंज, लावालौंग,गिद्धौर,

**जिला : कोडरमा**

प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है– कोडरमा सदर, जयनगर, मरकच्चों, डोमचांच, सतगांवा

योग्यताः स्नातक , स्मार्ट मोबाइल हो, कंप्यूटर की जानकारी हो

संपर्क सूत्रः 9550809864 , 9431129570 , 9934337941
Email: liveapem@gmail.com ( for Resume)

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सैकड़ों लाभुकों को मिला सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का लाभ

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

प्रखंड के गाल्होवार में सोमवार को पीडीएफ डीलर शिवशंकर प्रसाद के द्वारा झारखंड सरकार योजनातर्गत के तहत धोती साड़ी लूंगी लाभुको के बीच वितरण किया गया। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन धोती साड़ी व लुंगी वितरण योजना का शुभा. रंभ पंचायत के प्रधान रीतलाल महतो, एवं पंचायत समिति सदस्य छोटी शर्मा के द्वारा जनवितरण प्रणाली दुकान में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान करीब दो सौ लाभुको के बीच धोती साड़ी तथा लुंगी का वितरण किया गया। डीलर ने बताया कि योजना के तहत लाभुको को साल में दो बार वितरण किया जाएगा। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पहले बंद थी, जिसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा पुनः चालू किया गया है। उन्होने कहा है कि इस योजना का लाभ सभी कार्डधारी जनता को मिलेगा। इससे गरीब लोगो को काफी राहत होगी। अब कार्डधारी चावल और गेंहू के साथ-साथ इस योजना से धोती साड़ी व लुंगी का भी लाभ दिया जाएगा। मौके पर पीडीएस डीलर शिवशंकर प्रसाद, सुभाष कुमार बरनवाल, दिनेश कुमार, सोनिया देवी, कौशल्या देवी समेत कई लाभुक मौजूद थे।


साडी धोती / लुँगी वितरण करते जविप्र0 विक्रेता

## कुतुलवा के ग्रामीणों को मिला ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों ने जताया आभार

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने बादम पंचायत के ग्राम कुतुलवा के ग्रामीणों को 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। विगत कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर जल गया था जिस कारण पूरे क्षेत्र में अंधेरा था स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर जल जाने की सूचना विधायक अंबा प्रसाद को दी थी तत्पश्चात विधायक अंबा प्रसाद ने मामले को संज्ञान में लेते हुए कुतुलवा के ग्रामीणों को 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर दिलवाया । विधायक ने कहा कि पूरे क्षेत्र में ग्रामीणों को बिजली सुचारू रूप से मिले इसके लिए लगातार प्रयासरत हूं। विधायक ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होती है तो तो सीधे संपर्क करें ताकि समस्या को दूर किया जा सके। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय महतो, आनंद कुमार, सुनील कुमार , निर्मल जी, सिकंदर कुमार राणा, शंकर कुमार, उमेश कुमार महतो, प्रवेश कुमार, किशोर कुमार, संजय कुमार, मोहन कुमार, विमल कुमार समेत समस्त ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।


ट्रांसफार्मर के साथ उपस्थित ग्रामीण




## विस्थापित प्रभावित ने की बैठक, अगली बुकिंग से लोडिंग का नगद मजदूरी

**अपेम लाइव : चरही**
**अरविन्द टुडु**

चुरचू प्रखण्ड के चरही सीसीएल कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत तापीन साउथ कोल डम्प कार्यालय में देवकी महतो के अध्यक्षता में एक बैठक आहूत किया गया, जिसका संचालन सुकर ठाकुर ने किया। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया कि बैठक में विस्थापित/प्रभावित के दंगल सरदार और कमेटी के सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए। साथ ही प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि बैठक में मुख्य रूप से 20/10/2021 को मजदूरों की न्याय सभा आयोजित किया गया था, उसमें कहा गया था कि एक सप्ताह के अंदर वार्ता नहीं होती है तो बाध्य होकर हम मजदूर आगे का आंदोलन जारी रखेंगे लेकिन प्रबंधन के द्वारा पहल कर 29/10/2021 को परियोजना पदाधिकारी तापीन साउथ में बैठक हुई।14 सुत्री मांग को सत प्रतिशत पहल करते हुए अश्वासन दिया गया। इसी के आलोक में बैठक की गई, जिसमें सभी दंगल सरदार और कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक हुई। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि बैठक में जमाव लोगों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि अगली बुकिंग से लोडिंग का नगद मजदूरी लिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से उप प्रमुख चौलेशवर महतो, महिला नेत्री रा. `शनी तिर्की, शक्ति देवी, प्रमिला देवी, संतोष कुमार राय, जितेंद्र कुमार राय, चिंतामन राविदास, सुकर ठाकुर, ढेना महतो, महादेव राविदास, प्रदीप लकड़ा, अजय सोरेन, सम्पत महतो, गुलाब रब्बनी, सौकत अंसारी, प्रमोद सिंह, बिरसा हांसदा, किसान कुमार, दिनेश कुमार, नंदकिशोर केसरी, पंकज वर्मा, भोला सिंह कई लोग उपस्थित थे।


बैठक मे उपस्थित लोग

### आज का पंचाड्ग----

**आज का अंग्रेजी दिनांकः---02.11.2021**
**शुभसंवत् :---2078(आनंद)**
**शकेः---1943**
**याम्यायन याम्यगोलरू**
**ऋतुः---शरद**
**माहः---कार्तिक**
**पक्षः--कृष्ण पक्ष**
**तिथिः---द्वादशी तिथि प्रातः 08:34 तक उपरांत त्रियोदशी तिथि**
**दिनः---मंगलवार**
**नक्षत्रः---उ.फ़ा. नक्षत्र दिन 09:56 तक उपरांत हस्त नक्षत्र**
**योगः---वैधृति**
**करणः---तै**
**सूर्योदय :---प्रातः 06:28**
**सूर्यास्त : संध्या 05:32**
**सूर्य :---तुला राशि में**
**चंद्रमा :---कन्या राशि में**
**आज का राहूकाल दिनः---03:00 बजे से दिनः--04:30 बजे तक**
**अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक**
**(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)**

**आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज धनतेरस होगा व आज यम देव के नाम से दीपक जलाया जाता है।**



**आलेखः-**
**संदीप शर्मा**
**वास्तु,कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श**
**पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर**
**इटखोरी, चतरा**
**सम्पर्क सूत्र-9931585660**




## चौपारण जिला परिषद भाग 2 के भावी प्रत्याशी मनोज सिंह की तूफानी दौरा जारी

**अपेम लाइव : चौपारण**

चौपारण जिला परिषद भाग-दो के अंतर्गत पडरिया पंचायत में भावी जिला परिषद प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह जी का जनसंपर्क अभियान के तहत विभिन्न गाँवो की दौरा लगातार जारी है। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि , जिन लोगों का समर्थन मिल रहा है उससे मुझे और सेवा करने का हौसला बढ़ा है। अगर जनता मुझे अपना आशीर्वाद दिया तो मैं तन मन धन से सेवा करता रहूंगा। जन सम्पर्क के तहत उन्होने अंबाजित. सिद्धुचक, नरयाही, बनाऊं, इगुनिया, मचला, ककरोला एवं पड़रिया का दौरा किया और ग्रामीणों से मिले। जनसम्पर्क अभियान में भूमिहार ब्रह्मऋषि समाज के उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह, राधिका सिंह, जसवंत सिंह, लखन तुरी, महावीर तुरी, सुनील साव, राहुल सिंह, साजन सिंह, सुरेश तुरी, रेखा सिंह, मुकेश सिंह, दिलीप पांडे, अजीत सिंह, मिथलेश सिंह, रविंदर यादव, भूषण सिंह, जुगल भुइयां, मुस्लिम अंसारी, कैलाश यादव, संजीत सिंह, रंजीत राणा, सन्नी कुमार चंद्रवंशी, विकास यादव, ब्रह्मदेव राणा, प्रिंस सिंह, पुष्पा देवी, चम्पा देवी आदि लोग मौजूद रहे।




जनसंपर्क करते जीप प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह

**अपेम लाईव न्युज मे विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**
**9550809864 , 9122222016**

दिनांक: 01-11- 2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 04

## लौह पुरुष की जयंती पर निर्दलीय विधायकों ने किया वृक्षारोपण व चिकित्सकों को सम्मानित

**अपेम लाइवः गिरिडीह**
**रोहित कुमार**

आज दिन रविवार को शहर के कुशवाहा छात्रावास सिहोडीह में पटेल जयंती समारोह समिति के बैनर तले भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी मोर्चा सेवानिवृत्त इंजीनियर विनय कुमार सिंह एवं संचालन कुशवाहा संघ के उपाध्यक्ष श्री दिगंबर दिवाकर के द्वारा भारत रत्न, देश के गौरव पटेल जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गांडे के पूर्व भाजपा विधायक प्रोफ़ेसर जयप्रकाश वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो एवं झारखंड क०मर्स क०लेज डुमरी के प्राचार्य धनेश्वर विद्यार्थी थें। इस बाबत विनय सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ में सरदार पटेल की तस्वीर पर श्रद्धा पूर्वक पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया वहीं पर्यावरण की दृष्टि से 101 वृक्षारोपण छात्रावास परिसर में किया गया साथ ही कोरोना काल में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जिसमे मुख्य रुप से डॉक्टर कुलदीप नारायण, डॉ डीपी सिंह, डॉ श्यामा कांत वर्मा, डॉ श्रीमती ममता सिंह, अन्नू वर्मा, डॉ एसके वर्मा, डॉ शशि भूषण प्रसाद, डॉ राजेंद्र महतो, डॉक्टर रीतलाल वर्मा, डॉक्टर पवन वर्मा मुख्य रूप से थे। वहीं मुख्य अतिथि प्रोफेसर वर्मा ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने एक नए अखंड भारत के निर्माण की परिकल्पना कर देश को विभिन्न रियास. तों में बटे भागों को एक किए, विशिष्ट अतिथि नागेंद्र महतो ने बताया भाई पटेल देश की एकता और अखंडता को एक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उन्हें लौह पुरुष की उपाधि उनके कठिन परिश्रम के बदौलत दी गई। प्राचार्य विद्यार्थी ने बताया कि हम सभी को उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को मुख्य रूप से कुशवाहा संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर अर्जुन प्रसाद वर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य जिवारधन महतो, तारकेश्वर वर्मा, ओम प्रकाश महतो, बैजनाथ बैजू महतो, डॉक्टर शशि भूषण प्रसाद, दिनेश्वर प्रसाद वर्मा, रामदेव वर्मा आदि ने संबोधित किया धन्यवाद ज्ञापन मुन्ना कुशवाहा शिक्षक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में हरिनंदन कुमार, बसंत कुमार ,अंबिका महतो, अशोक कुमार वर्मा, महेंद्र प्रसाद वर्मा, कौशलेंद्र कुमार, नागेश्वर वर्मा, परमिंदर कुमार, संतोषी श्रीवास्तव, संजीव कुमार, कवि. राज, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, सुधीर कुमार, सुरेंद्र कुशवाहा आदि थे।






जयंती मनाते विधायकगण

## बालगृह में बच्चियों पर मां-बेटे मिलकर ढाते थे जुल्म, रसूख की बदौलत ढाई साल तक बचते रहे

**अपेम लाइवः गिरिडीह**
**रोहित कुमार**




समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित बालगृह में रहने वाली लड़कियां ढाई साल तक जुल्म का शिकार करना पड़ा है. मामले पर कार्रवाई करते हुए उपायुक्त राहुल सिन्हा ने संस्था को रद्द करने की अनुशंसा राज्य सरकार से की थी. 2.5 साल बाद राज्य सरकार ने पत्राचार करते हुए समाज कल्यान विभाग को निर्देशित किया. जिसके बाद उम्मीद की जा रही है कि बालगृह संस्था मरियम को सोमवार को सील किया जा सकता है. जिसके लिए प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बालगृह की संचालिका शोभा कुमारी और संस्था के नाइट गार्ड अभय आनंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की भी बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि बाल गृह में रहने वाली 11 लड़कियों को दुमका और धनबाद के बालगृह में शिफ्ट किया जा सकता है. सोमवार को ही इन 11 लड़कियों को मेडिकल जांच के बाद शिफ्ट करने का निर्देश डीसी के द्वारा दिया गया है। जानकारी के अनुसार बालगृह मरियम की संचालिका शोभा कुमारी कोडरमा की रहने वाली हैं. जबकि बालगृह का नाइट गार्ड अभय आनंद शोभा कुमारी का बेटा बताया जा रहा है. बालगृह मरियम पर आरोप है कि बाल गृह में रहने वाली बच्चियों के साथ जानवर वाला व्यवहार किया जाता था. जिसके बाह सबसे पहले 2019 में उपायुक्त उमाशंकर सिंह ने पूर्व एसडीएम और वर्तमान उप नगर आयुक्त राजेश प्रजापति को जांच का जिम्मा सौंपा था. जिसमें मामला सही पाया गया था. लेकिन मां-बेटे की रसूख की वजह से समाज कल्याण विभाग कार्रवाई नहीं कर सका। इसके बाद दुबारा जांच का जिम्मा बाल संरक्षण समिति और सीडब्ल्यूसी को दिया गया. जिसमें बालगृह में रह रही लड़कियों से बात भी की गई.

## आचार संहिता लगने की सूचना पाकर पंचायत प्रतिनिधि 15वीं वित्त आयोग की राशि को खर्च करने में लगे हैं दिन रात

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने की खबर व आचार संहिता लगने की सूचना पाकर पंचायत प्रतिनिधि 15वे वित्त आयोग की राशि को खर्च करने को लेकर दिन रात एक करते देखे जा रहे है। बरकट्ठा प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधि वोट बनाने को लेकर अपने चहेते के साथ साथ नए वोटरों को भी मानने में लगे है। जो कार्य पिछले पांच वर्षो में नही हुआ वे सभी कार्य 5 दिनों में पूर्ण कर दिए जा रहे है। पंचायत प्रतिनिधियों को कार्य पूर्ण नही होने पर राशि वापस जाने का डर भी सताने लगा है। जिसके कारण पंचायत प्रतिनिधि पंचायत में नाली व पीसीसी का निर्माण कराने में लगे है। ताकि सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी राशि को किसी भी प्रकार वापस न जा सके। पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा लिखे जा रहे कार्य को कराने को लेकर संवेदक प्रखंड कार्यालय के साथ साथ बैंकों के चक्कर काट रहे है। कार्यालय में पंचायत सेवकों व राजस्व कर्मचारियों के पास संवेदकों का जमावड़ा लगा हुआ है। संवेदक किसी भी प्रकार मिले कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने को लेकर भाग दौड़ करने में लगे है! पांच वर्षो में जो मुखिया कभी बात करने को तैयार नही था। वही मुखिया अभी घर आकर काम करने की बात कर रहे है। जिसे देख बड़ा आश्चर्य भी होता है। सूत्रों के माने तो पंचायत में पीसीसी रोड, नाली निर्माण में जैसे तैसे कार्य कराया जा रहे हैं। वहीं घटिया सामग्री का भी उपयोग किया जा रहा है।

## दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ का वर्चुअल बैठक संपन्न

### दहेज प्रथा को समाप्त करने में युवाओं की भूमिका अहम : मोतीलाल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**




दहेज मुक्त झारखंड सेवा संघ का वर्चुअल बैठक रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल एस पंडित की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश यादव ने किया बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र वर्मा,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रामकुमार वर्मा,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोहर विश्वकर्मा,प्रदेश संगठन मंत्री देवेंद्र मेहता,कोडरमा जिला प्रभारी अशोक महतो,गुजरात प्रदेश अध्यक्ष राजेश वर्मा,चेचाकी पंचायत सचिव खागेन्द्र महतो, हजारीबाग उपाध्यक्ष राजेन्द्र आस्था शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से दहेज रुपी दानव समाप्त करने पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल एस पंडित ने कहा कि दहेज के कारण बहू बेटियों की हत्या की जा रही है। इसपर रोक नहीं लगाया गया तो झारखंड नारी मुक्त हो जाएगा। उन्होंने युवाओं और युवतियों से अपील करते हुए कहा कि दहेज रोकथाम में आगे बढ़ें। इसमें युवाओं की भूमिका अहम है।बैठक में गुंगी पंचायत अध्यक्ष संदीप यादव,बगोदर पंचायत अध्यक्ष गोविंद प्रजापति, कुमार गोल्डन,भीम कुमार,राजू साहू कुमार सुमन समेत आदि लोग शामिल थे।

## दिवंगत रामेश्वर बैठा के घर पहुंचे वर्त्तमान विधायक अमित कुमार

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत बेड़ोकला में विधायक अमित कुमार यादव आज दिवंगत स्वर्गीय रामेश्वर बैठा के निवास पहुंचे और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने दिवंगत के परिवारजनों से मिलकर उन्हें ढांढस भी बंधाया। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए एवं समाधान हेतू आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर शिक्षक नागेश्वर बैठा, दिलीप बैठा, श्रीकांत शिक्षक, नारायण शर्मा, मनोज राणा, महेश गुप्ता, भाजपा बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रासाद, महामंत्री रविन्द्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष इन्द्रदेव यादव, बरकट्ठा पूर्व मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रासाद, युगल यादव, भुनेश्वर बैठा, जिबरेल अंसारी, राहुल देव रंजन, विनय, अनील, पवन, चन्दन, कुन्दन, गाँधी, नन्दन, अमन, एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



श्रद्धांजली सभा मे पहुँचे विधायक व अन्य

## सार्वजनिक रास्ता पर अतिक्रमण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

प्रखण्ड अंतर्गत बेड़ोकला एवं चाँदगढ़ के ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ता पर अतिक्रमण करने का जमकर विरोध किया। साथ ही इसकी शिकायत विधायक अमित कुमार यादव से की। ग्रामीणों की शिकायत के बाद विधायक बेड़ोकला चौक स्थित चाँदगढ़ मोड़ कार्यस्थल पर पहुंचे। जहाँ दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति में वर्षो से ग्रामीणों द्वारा उपयोग किया जा रहा सार्वजनिक रास्ता को बंदकर दिवाल का निर्माण कार्य एवं गड्ढा खोदे जाने का विरोध जताया गया। साथ ही दिवाल कार्य करवा रहे व्यक्तियों से अविलम्ब कार्य रोकने की हिदायत दिये। विधायक श्री यादव ने अतिक्रमण करने वाले सम्बंधित व्यक्तियों से भी अविलम्ब कार्य रोकने को कहते हुए कहा कि सार्वजनिक रास्ते को बाधित ना करें। साथ ही साथ जमीन की मापी कर रास्ता को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिये। विधायक ने कहा कि उक्त त्म्द रास्ता बेड़ोकला चौक से ग्राम चाँदगढ़ होते हुए विभिन्न गाँव होते हुए तिलैया डैम को जाती है स सम्बंधित व्यक्तियों को निर्देश दिये कि कल जमीन मापी कर वार्ता कर जल्द मामले को सुलझा लेंगे स आम-आवाम के हित में सार्वजनिक रास्ते के साथ किसी तरह का छेड़-छाड़ नहीं करें मौके पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भीम साव, दशरथ यादव, छोटी यादव, अनील यादव, मनोज यादव, नारायण प्रसाद शर्मा, मनोज कुमार राणा, महेश गुप्ता, भाजपा बेड़ोकला मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, महामंत्री रविन्द्र कुमार शर्मा, इन्द्रदेव यादव, रीतलाल प्रासाद, युगल यादव, जिबरेल अंसारी, युसूफ अंसारी, मधुवन निवासी सुखदेव यादव, राजु यादव, डेगलाल यादव, राजा, मुनीलाल बैठा, आनंद ठाकुर, सुखदेव ठाकुर, नकुल यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उप. स्थित थे।




विरीध करते ग्रमीण

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित,    एडिटिंग- धनंजय कुमार    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

### ऑल संथाल स्टूडेंट यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता आंनद सोरेन उपस्थित

**अपेम लाइव : चरही**
**अरविन्द टुडु**



मैच मे उपस्थित अतिथि व अन्य

चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत अन्तर्गत्त सिधु कान्हू फूटबॉल मैदान कासियाडीह में झारखंड आदिवासी दलित मंच के तत्वाधान में तीन दिवसीय फूटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया, जिसके मुख्यातिथि सीसीएल महाप्र. बंधक नीरज कुमार सिन्हा व विशिष्ट अतिथि ऑल संथाल स्टूडेंट्स यूनियन के केंद्रीय प्रवक्ता आंनद सोरेन, जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति, आदिवासी दलित मंच के संयोजक महालाल हांसदा, चरही मुखिया महादेव सोरेन मौजूद थे फाइनल मैच बालीडीह बनाम कासियाडीह के बीच खेला गया जिसमें पेनाल्टी किक में बालीडीह ने कासियाडीह को 4-1 से पराजित किया। मैच में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। अतिथियों के द्वारा विजेता टीम बालीडीह को बड़ा खस्सी व उपविजेता टीम कासियाडीह को छोटा खस्सी व शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के पूर्व सीसीएल महाप्रबंधक एन के सिन्हा को ढोल मांदर के साथ भव्य स्वागत किया गया। साथ कमेटी के लोगों ने शॉल देकर सम्मानित किया. मौके पर सीसीएल महाप्रबंधक नीरज कुमार सिन्हा ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होगा है ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कमी है उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से खिलाड़ी अपना भविष्य को उज्ज्वल बना सकते है महाप्रबंधक ने सिधु कान्हू मैदान में सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की। चुरचू जिला परिषद सदस्य अग्नेशिया सांडी पूर्ति ने कहा कि खिलाड़ी खेल को लक्ष्य मानकर खेले सफलता निश्चित मिलेगी। मौके पर फिलन होरो, मनोज हांसदा, तालो हेम्ब्रोम, चुनुलाल हांसदा, दिलीप टुडू, प्रकाश टुडू, नेमन कुमार, विजय हांसदा, देवनारायण, ताहाराम हेम्ब्रोम, कांतिलाल सोरेन, लक्षमण हेम्ब्रोम, ब्रजेश सोरेन, दिलेश महतो, लाजरुष सोरेन, जीवन सोरेन, बिशुन मुर्मू, राजू सोरेन, अजय सोरेन दिलीप सोरेन, फ्रांसिस सोरेन, अंजलुश सोरेन, दिलेश महतो, सहित कई लोग उपस्थित थे।

सबका साथ एक कदम विकास की ओर सबका विकास

ग्राम पंचायत बरही (पश्चिमी)

अकेला मैं जीत नही सकता, साथ आपका हो ता हार नही सकता
यकीन करना मेरे साथियों, तस्वीर भी बदलूँगा और तकदीर भी



आपके समर्थन व सहयोग के साथ
पंचायत समिति सदस्य हेतू उम्मीदवार
कपिल प्रसाद केशरी

जन-जन की यही पुकार
अबकी बार कपिल भैया की सरकार

संघर्ष करेंगे, काम करेंगे
दिखावा नही, सेवा करेंगे

प्रसारण

ग्रामीण विकास के लिए नेक, निर्भीक, शिक्षित सेवाभावी, लोकप्रिय व योग्य उम्मीदवार

आप अपना अमूल्य वोट, समर्थन तथा आशीर्वाद देकर विजयी बनावे।

खोड़ाहर पंचायत में अब दिखेगा परिवर्तन

सबका साथ सबका विकास

अब होगा विकास आने वाली हैं शिक्षित, युवा एवं कर्मठ उम्मीदवार



शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार,
कृषि एवं महिला
सशक्तिकरण
हमारी प्राथमिकता



सोनी कुमारी
भावी मुखिया प्रत्याशी
(खोड़ाहर पंचायत)

छोटेलाल यादव
समाजसेवी
(खोड़ाहर पंचायत)



आप हमें समर्थन दीजिए
हम आपको परिवर्तन देंगे

निवेदक
रोहित कुमार यादव
(मुखिया प्रत्याशी प्रतिनिधि)
खोड़ाहर पंचायत

प्रसारित

कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,



सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी,
कोनरा पंचायत

आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।



निवेदिका :- कैशर प्रवीण

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## धनतेरस,दीपावली, छठ पूजा, भैया दूज एवं चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर चंदवारा पूर्वी भाग के योग्य, युवा कर्मठ एवं भावी प्रत्याशी विकास कु0 दास की ओर से चंदवारा वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं ।



हमारा विजन

चंदवारा पूर्वी भाग में

1. शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक व बिजली की व्यवस्था,
2 स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिला सशिक्तकरण पर जोर
3.किसानों के लिए सिंचाई की व्यवस्था
4.युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था,
5.पेयजल आपूर्ति के लिए नल जल की व्यवस्था
6.स्थानीय स्तर पर खेल एवं खिलाडियों को बढावा
7.लघु एवं कुटीर उद्योग का बढावा



विकास कुमार दास
जिप प्रत्याशी,चंदवारा पूर्वी भाग

सेवा ही संकल्प

कृष्णा यादव
निवेदक
चंदवारा पूर्वी भाग

APEM LIVE सच का साथी

एक बार विश्वास करें

वायदा ही नही, इरादा भी है

प्रसारित

निवेदकः चंदवारा पूर्वी भाग की जनता

## धनतेरस,दीपावली, छठ पूजा, भैया दूज एवं चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर बरही पूर्वी पंचायत के योग्य, शिक्षित,कर्मठ एवं भावी मुखिया प्रत्याशी श्रीमती आभा सिन्हा की ओर से बरही वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं ।



हमारा विजन

बरही पूर्वी पंचायत में

1.आम सभा करवाकर सरकारी योजनाओं का चयन एवं कियान्वयन
1.शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक व बिजली की व्यवस्था,
2.स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिला सशक्तिकरण पर जोर
3.बस पडाव चालू करवाकर स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
4. पूरे पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना प्राथमिकता
5.पेयजल आपूर्ति के लिए नल जल की व्यवस्था
6.बरही धनबाद रोड में परमानेंट स्वच्छता की व्यवस्था



श्रीमती आभा सिन्हा
भावी मुखिया प्रत्याशी
बरही पूर्वी पंचायत

सेवा ही संकल्प.

श्याम कु0 सिन्हा
समाजसेवी
बरही, पूर्वी पंचायत

APEM LIVE सच का साथी

एक बार विश्वास करें

विश्वास पर खरा उतरूंगी

प्रसारित

निवेदकः बरही पूर्वी पंचायत की जनता.

## कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून की ओर से धनतेरस, दीपावली, छठ पूजा, भैयादूज एवं चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत,

शुभ दीपावली


रामदेव साव


सुभाष पासवान


मंटु सिंह


कुनाल कतरियार


बिनोद कुमार


टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

## दीपावली, छठ पूजा, भैया दूज एवं चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर बरही मध्य भाग के योग्य, कर्मठ एवं भावी प्रत्याशी श्रीमती बिमला देवी की ओर से बरही वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं ।



हमारा विजन

बरही मध्य भाग में

1. शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक व बिजली की व्यवस्था,
2 स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिला सशिक्तकरण पर जोर
3.किसानों के लिए सिंचाई की व्यवस्था
4.युवाओं के लिए रोजगार की व्यवस्था,
5.पेयजल आपूर्ति के लिए नल जल की व्यवस्था
6.स्थानीय स्तर पर खेल एवं खिलाडियों को बढावा
7.लघु एवं कुटीर उद्योग का बढावा



श्रीमती बिमला देवी
जिप प्रत्याशी, बरही मध्य भाग

सेवा ही संकल्प

रामचंद्र यादव
समाजसेवी
बरही, मध्य भाग

एक बार विश्वास करें

विश्वास पर खरा उतरूंगी

प्रसारित

निवेदकः बरही मध्य भाग की जनता

दिनांक: 01-11- 2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 07/01

## चौपारण जिला परिषद भाग 2 के योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबों का मसीहा, भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह । जानिए इनके बारें में.



मनोज कुमार सिंह, जिप प्रत्यशी, चौपारण भाग 2

### पारिवारिक पृष्ठभूमि

नामः मनोज कुमार सिंह
पिताः स्व रामलखन सिंह
निवास स्थानः कुतलू
पंचायतः जगदीशपुर
जिला परिषद क्षेत्रः चौपारण भाग 2
पेशाः व्यवसाय एवं समाजसेवा

### राजनीतिक व समाजिक पृष्ठभूमि

राजनीतिक

1. भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य,
2. भाजपा झारखंड सेल अध्यक्ष, मुंबई,

सामाजिक

1. झारखंडवासी महाराष्ट्र युवा मंच कोर कमेटी अध्यक्ष

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1.चौपारण के प्रवासी मजदूरों के लिए चौपारण क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्थ करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. चौपारण में स्नातक स्तर का कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना ।
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं चौपारण में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना ।
9. किसानों के खेतो तक सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था करना ।
10.कुंभकार भाईयों सहित सभी तमरह के कारीगरों को प्रशिक्षण की व्यवस्था कर स्वरोजगार से जोडना ।

## चौपारण भाग 2 के भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह के द्वारा किए गए कार्यों की कुछ झलकियां, जनता का समर्थन, अर्शीवाद से बदलेगा चौपारण की तस्वीर ..



बच्चो एवं महिलाओं के बीच छतरी का वितरण करते मनोज कु सिंह



प्रवासी मजदूर का शव का भिजवाते मनोज कुमार सिंह



बच्चों के बीच पुस्तक वितरण करते मनोज कुमार सिंह



खिलाडियों को सम्मानित करते मनोज कुमार सिंह



ईद मिलादून्नबी की मुबारक बाद देते मनोज कुमार सिंह



ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते मनोज कुमार सिंह



महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते मनोज कु सिंह



सहयोगियों के साथ स्वरोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



युवाओं के साथ रोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



अपनी विचार व्यक्त करते मनोज कुमार सिंह



ट्रॉफी देते मनोज कुमार सिंह



कृषि चौपाल लगाते मनोज कुमार सिंह

निवेदकः प्रमोद सिंह, समाजसेवी, चौपारण जिला परिषद भाग 2

## बड़कागांव में कोविड 19 के तहत काली पूजा मनाने का निर्णय

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


उपस्थित काली पूजा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण

बड़कागांव काली मंदिर के प्रांगण में काली पूजा समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष राजीव रंजन एवं संचालन अजीत कुमार रवि के द्वारा किया गया । बैठक में सर्वसम्मति से कोविड-19 का पालन करते हुए काली पूजा श्रद्धा के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर कोषाध्यक्ष सुकेश कुमार रामेश्वर राम ,महेश राम, उपाध्यक्ष जोगन राम ,नागेंद्र कुमार ,अकाश कुमार ,राजू कुमार एवं सूरज कुमार, उपसचिव शंभू रविदास ,संयोजक देवनारायण राम , रंजन राज ,संतोष राम, पूजा प्रभारी रामवृक्ष राम, संजय निगम एवं तीजन राम ,मनोरंजन मंत्री राजू कुमार रवि , चंदन कुमार रवि, मीडिया प्रभारी दीपक सिन्हा संजय सागर, संगठन मंत्री सरयू राम ,सुरेंद्र राम ,सचेतक धर्मेंद्र राम ,राजेश कुमार दास ,ईश्वर कुमार ,कार्यकारिणी कमेटी के सदस्य टिंकू कुमार,निशांत कुमार ,शंकर मिश्रा ,अविनाश कुमार ,रवि कुमार राम आदि उपस्थित थे।

## एनटीपीसी आईटीआई कॉलेज में नए सत्र 2021 का प्रशिक्षण प्रारंभ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल लोग

बड़कागांव प्रखंड के ढेंगा स्थित एनटीपीसी आ. ईटीआई में भारत सरकार कौशल एवं उद्यमिता मंत्रालय, प्रशिक्षण महानिद. ेशालय के आलोक में एनटीपीसी आईटीआई क०लेज के 2021 सत्र में प्रशिक्षण का कार्य शुरू किया गयास प्रशिक्षण का कार्य 2021 सत्र में नामांकित छात्रों के स्वागत समारोह द्वारा किया गयास स्वागत समारोह का शुभा. रंभ एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना आर एंड आर विभाग के वरीय प्रबंधक, देवराज आनंद द्वारा किया गयास वरीय प्रबंधक देव. राज आनंद ने व मिर्. थलेश उपाध्याय ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की स वरीय प्रबंधक ने अपने हाथों से प्रशिक्षण के दौरान उपयोग आने वाली प्रशिक्षण डायरी देकर छात्रों का स्वागत कियास नए सत्र 2021 में प्रशिक्षण इलेक्ट्रीशियन ट्रेड, फिटर ट्रेड 2 वर्ष एवं वेल्डर ट्रेड 1 वर्ष का प्रशिक्षण दिया जाना हैस नामांकित छात्रों का चयन एनटीपीसी परियोजना क्षेत्र के पकरी बरवाडीह ,चट्टी बरियातू, केरेडारी एवं टंडवा परियोजना क्षेत्र से किया गया हैस नए सत्र के शुभारंभ के समय संस्थान के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे स नए छात्रों के साथ सभी कर्मचारियों शिक्षकों ने वार्ता कर अपना परिचय देते हुए संस्थान के नियमों को समझाया और अनुशासन एवं सुरक्षा पालन करने की सलाह दीस कार्यक्रम का संचालन अनुदेशक प्रदीप कुमार द्वारा किया गया। मौके पर संस्थान के कर्मचारी अमरेश कुमार विद्यार्थी ,विकास चौरसिया, मुकेश कुमार ,इरफान अंसारी, शाहिद अख्तर, श्रीनाथ श्री , प्रदीप कुमार गुप्ता , संजीत कुमार मेहता, सुपरवाइजर सुनील कुमार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## पाँच वर्षों तक विपक्ष कि भूमिका से रहे दूर अब मुखिया उम्मीदवार बन पंचायत का गिनाएंगे खामियाँ

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार राणा**




लोकतंत्र के लिए जितना आवश्यक सत्ता पक्ष है उतना ही जरुरी विपक्ष का होना जरूरी है। सत्ता पक्ष का विरोश विपक्ष के नेता अच्छे कार्यो का भी करते है और गलत कार्यो का आईना दिखाने का कार्य करते है। लेकिन कुछ कार्य ऐसे भी होते है जिसका समर्थन सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनो करते है। पंचायत चुनाव की घोषणा अगले महीने होना की प्रबल संभ. वना है। बात 26 पंचायतों के वर्तमान मुखिया की करें तो कुछ पंचायतो के मुखिया को छोड़कर ज्यादातर मुखिया का कार्याकाल विवादों से दूर रहा। पांच वर्षो का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब एक वर्षो का कार्यकाल प्रधान के रूप में भी समाप्त होने को है। लगभग पंचायतों से पिछले चुनाव में नम्बर दो से पाँच तक रहे उम्मीदवार व उनके प्रतिनिधि पाँच वर्षों तक विपक्ष की भूमिका से दूर रहे न वर्तमान मुखिया के गलत कार्यो का विरोध कर सके न जनहित मुद्दों को लेकर जनता के बीच गए अब चुनावी बिगुल बजने को है और लगातार हरेक पंचायतों से उम्मीदवारो की झड़ी लग रही है। अब मुखिया उम्मीदवार बन वर्तमान मुखिया के खामिओ को गिनाते फिर रहे है और विकास के वादों का ढोल पीटते नजर आ रहे है। हालांकि कई पंचायतों से वर्तमान मुखिया के उम्मीदवार विपक्ष की भ. ूमिका में मजबूती से खड़ा रहकर वर्तमान मुखिया के गलत कार्यो का विरोश भी किया और जनहित मुद्दों को उठाकर जनता के कार्यो को निष्पादित करने का हरसभव प्रयाश भी किया। कई ऐसे भी उम्मीदवार अपनी उम्मीदवारी पेश करने को तैयार है जिनका समाज सेवा से दूर दूर तक कोई नाता नही है लेकिन वर्तमान परिस्थिति में अपने आप को स्थापित करने की कोशिश कर रहे है। अब आने वाला चुनाव के नतीजे ही तय करेगा कि वर्तमान मुखिया व उनके प्रतिनिधि अपने विकास कार्यो के आधार पर जीत हाशिल कर अपना कार्यकाल बढ़ा पाते है या भावी उम्मीदवार वर्तमान मुखिया के नाक. ामियों का फायदा उठाकर मुखिया पद पर काबिज हो कर अपना कार्यकाल बढ़ा पाएंगे।

## बड़कागांव पश्चिमी मंडल में सुखा अनाज का वितरण

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


उपस्थित लाभुक लोग

कोरोना के तीसरी लहर को देखते हुए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से गरीब असहाय के बीच सुखा अनाज का वितरण किया गया। जिसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता के द्वारा किया गया ।बडक. ागांव पश्चिमी मंडल के 12 पंचायतों में 70 लोगो को वितरण किया गया। सिंदवारी, डाडीकला, सीकरी, बड़कागांव पूर्वी, बड़कागांव मध्य, बडकागांव पश्चिमी, सिरमा, कांडतरी, सांढ, चंदौल, महुँगाईकला पंचायतो मे वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रुप में से महामंत्री इंद्र भूषण, नरसिंह प्रसाद, उपाध्यक्ष अवधेश मिश्रा, रीता देवी, तिला साव स्वरुप नारायण, नंदलाल महतो एवं दर्जनों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लोगों के बीच सांसद के सौजन्य से खाद्य सामग्री व मास्क का वितरण किया गया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


खाद्य सामग्री वितरण करते लोग

सांसद जयंत सिन्हा हजारीबाग के से अक्षय पात्र के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी मंडल में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो एवं बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में, कोविड-19 के तहत गरीब एवं असहाय लोगों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया दोनों मंडल में कुल 140 लोगों के बीच सामग्री वितरण किया गया। दूसरी ओर जिला परिषद सदस्य टूकेश्वर प्रसाद एवं मनीष पांडे के नेतृत्व में सांड प्रा. थमिक विद्यालय में मास्क एवं दवा किट का वितरण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद,किसान मोर्चा आईटी सेल संयोजक मनीष पांडेय,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र विश्वकर्मा,देवेन्द्र कुमार, टे. कलाल कुमार , दिनेश करमाली, सुमन गिरी, देवंती देवी ,जागेश्वर तुरी ,किशोर राणा, अशोक साव, नयाटांड़ पंचायत मुखिया अशोक महतो , मनोज प्रभाकर, भोपाल सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय यादव, सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, महामंत्री इंद्र भूषण, महामंत्री नरसिंह प्रसाद, उपाध्यक्ष अवधेश मिश्रा, रीता देवी, तिला साव स्वरुप नारायण, नंदलाल महतो, चिंतामणि महतो, ईश्वरी पासवान, छोटेलाल तुरी, संतोष राम, पन्नू भुईया, गिरधारी गांझू, मसोमत झूली, जसवा रतनी देवी, रामलाल मांझी के अलावा कई भाजपाई उपस्थित थे।

## वार्षिक उत्सव में उत्कृष्ट करने वाले सदस्यों को मिला सम्मान

## महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्था हर संभव तैयार : जितेंद्र कुमार

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



उपहार देते जितेंद्र कुमार

स्त्री सेवा निधि लिमिटेड का प्रथम वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार ने किया। एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता ममता देवी ने की और उन्होंने कहा कि मर्. हलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्था की ओर से मर्. हलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए ग्रुप लोन देकर उन्हें हर संभव मदद के लिए तैयार है। इस अवसर पर सचिव जामनी देवी, कोषाध्यक्ष पूनम कुमारी, सुमन कुमारी, पूजा कुमारी, उर्मिला कुमारी, ललिता कुमारी, अनिता कुमारी, रेखा कुमारी, चंपा देवी, बिंदु कुमारी, किशोर कुमार, बिंदेश्वर कुमार, ब्रा. जेश कुमार संस्था के सभी मौजूद थे।

DIVINE LIGHT ACADEMY
Come with dream and leave with success
A premier coaching institute for....
COURSE:-
CLASS:- 6TH-12TH(CBSE)
ABACUS BRAIN BOOSTER
SAINIK ,NAVODYA ENTRANCE
KI BHI TAIYARI HOTI HAI
EXPERIENCED FACULTY FROM RANCHI & PATNA
ADD:-NEAR BY OLD DURGA TEMPLE LANDMARK:-BAKRI BAZAR
PH:7667734065,8877780099 Director:-Sudhir Thakur



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## सांस्कृतिक कलाकार सोनपुरा निवासी प्रयाग महतो का निधन, गाँव में शोक की लहर

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



प्रयाग महतो (फोटो)

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत कांडतरी पंचायत के ग्राम सोनपुरा निवासी सीसीएल रिटायर एवं सांस्कृतिक कलाकार प्रयाग महतो का आकाशमिक निधन रविवार शाम अपने पैतृक निवास ग्राम सोनपुरा में हो गया।वह कुछ दिनों से लगातार बीमार चल रहे थे। मृतक बड़कागांव प्रखंड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कला के क्षेत्र में एवं सामा. जिक कार्यों में हमेशा योगदान दीया करते थे। इनके निधन को लेकर गांव में शोक की लहर है।मृतक प्रयाग महतो अपने पीछे पत्नी सहित 3 पुत्र एवं चार पुत्री छोड़ गए। इनका अंतिम संस्कार आज पूरे हिंदू रीति रिवाज से हहारो नदी घाट में किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से बरका का विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिप सदस्य टुकेश्वर महतो, प्रोफेसर लालदेव महतो, दिनेश कुमार,पारसनाथ प्रसाद, भवानी प्रसाद दांगी, कैलाश नारायण चौबे, विशेश्वर नाथ चौबे, रंजीत चौबे,कामेश्वर महतो, भोला महतो, बासुदेव महतो, बा. लेश्वर महतो, कार्तिक महतो, भीम प्रसाद, सिकंदर महतो, हरिकृष्ण कुमार, बालेश्वर महतो, गूलेश्वर कुमार, प्रकाश महतो, गणेश महतो, मुनेश्वर राणा आदि है।

## धनतेरस में सज गए बर्तन, बाइक, सर्राफा व इलेक्ट्रानिक बाजार

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**




विष्णुगढ़ में धनतेरस को लेकर एक प्रतिष्ठान में की गई सजावट

विष्णुगढ़ और इसके आ. सपास के इलाकों के बाजार में दीपावली एवं धनतेरस को लेकर बर्तन, सर्राफा, मोटर वाहन, बाइक एवं इलेक्ट्र०निक बाजार आकर्षक तरीके से सज गए हैं। बाजार में खरीदारी को लेकर काफी चहल पहल है। लोग सामान की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। धनतेरस पर विष्णुगढ़ इलाके में करीब तीन से पांच करोड़ रूपए के कारोबार की संभावना है। बाजार में बर्तन, सर्राफा, इलेक्ट्र०निक के अलावा मिठाई, पटाखे, मिट्टी के दीये एवं बर्तन, गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां, फूल, सूप–झाड़ू, सजावटी झालर, पूजा–पाठ के सामान समेत अन्य कई तरह की दुकानें भी देखते बन रही है। धनतेरस एवं दीपावली पर कई दुकान आकर्षक अ०फर देकर ग्राहकों को लुभाने में लगे हैं। प्रखंड के बाइक शोरूम में निर्मला हीरो, शीतल टीवीएस ऑटोमोबाइल, महामाया ऑटोमोबाइल प्रतिष्ठान को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। बाइक के इन शोरूम में बाइक के कई म०डलो की खूब बिक्री हो रही है। खरीदारी कर रहे कई लोगों ने बताया कि इस बार सभी सामान के दामों में भारी उछाल है। पिछले साल के मुकाबले इस साल सामान काफी महंगे हुए हैं। महंगे दामों की वजह से लोग अपने बजट के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, दुकानदारों का कहना है कि सामान के दाम महंगा होने की वजह से कम खरीदार आ रहे हैं।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में झारखंड प्रतिभा खोज परीक्षा का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



परीक्षा में शामिल बच्चे

झारखंड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के तहत झारखंड प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन विगत 3 सालों से हजारीबाग के हर प्रखंड में शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से कराया जा रहा है।जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों उनकी प्रतिभा को तराशना, सम्मान और पहचान देना है।इसी के आलोक में बड़कागांव प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बीएम मेमोरियल स्कूल व सरगम स्कूल में कुल 371 प्रतिभागियों का परीक्षा लिया गया। मौके पर झारखंड प्रतिभा खोज के परियोजना प्रभारी मनोज मोदी ने बताया कि सभी छात्र छात्राओं में चयनित छात्रों को जिला स्तर पर 7100, 5100, 2500 की छात्रवृत्ति राशि हर साल सरकार के माध्यम से दिया जाएगा तथा प्रशस्ति पत्र के अलावा स्वर्ण रजत और कांस्य पदक से भी सम्मा. नित किया जाएगा। मौके पर प्रवेशक के तौर पर बीएम मेमोरियल स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार, शिक्षक संदीप शर्मा, विकास कुमार, आयुष यादव, सतीश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हाथियों के झुंड ने बलोदर गांव में मचाया जम कर उत्पात

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



ध्वस्त मकान

महुगाई पंचायत अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र बलोदर में लगातार दूसरे दिन भी 15 हाथियों के झुंड ने जम कर उत्पात मचाया है । हाथियों के झुंड ने रविंद्र महतो, पवन कुमार, पदुम महतो, संजय महतो और रौशन महतो के मकान को भी उजाड़ दिया। वहीं हाथियों ने फसलों को भी काफी छती पहुंचाया है। रविंद्र महतो, पवन कुमार, पदुम महतो, संजय महतो, रौशन महतो, का लगभग चार एकड़ में लगे धान के फसल को तहस नहस कर दिया। जगदेव गांझू का डेढ़ एकड़, पारसनाथ नाथ गांझु गंझु के धान की खेती को पैरों तले रौंद डाला। एक पावर ट्रैक्टर को भी हाथियों ने तोड़ फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। आशियाना उजड़ने से पीड़ित परिवारों का रो रो कर बुरा हाल है। रविंद्र महतो ने कहा के एक वर्ष में दूसरी बार हाथियों ने हमारे घरों तो तोड़ डाला। पीछले बार जब हाथियों ने घर को छतिग्रस्त किया था तो कर्ज ले कर घर का मरम्मत किया था। वापिस फिर से हाथियों के झुंड ने घरों तोड़ दिया। अब हमारे पास रहने और खाने की भी व्यवस्था नहीं है। हम दूसरों के घरों में रह रहे हैं। महुंगाई पंचायत के ग्राम प्रधान बीगल चौधरी ने पीड़ित परिवारों के लिए 5 लाख के मुआवजे की मांग की है। वहीं फ०रेस्टर रामचंद्र प्रसाद एवं वनरक्षी भोला साव ने छती का आकलन किया और कहा के जल्द से जल्द पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने का काम करेंगे। फॉरेस्टर रामचंद्र प्रसाद ने कहा के अभी हाथियों का झुंड बलोदर पहाड़ के रहड़िया टांड़ में हैं। मौके पर श्रीकांत निराला, कुलदीप यादव, सूरज राणा, महेंद्र गंझु, भादे गंझु, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## परियोजना उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं लिपिक हुए सेवानिवृत

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



सेवानिवृत शिक्षक एवं लिपिक के विदाई समारोह में मौजूद लोग

प्रखंड के परियोजना उच्च विद्यालय बनासो में सोमवार को समारोह आयोजित कर प्रधानाचार्य बसंत कुमार पांडेय एवं लिपिक विवेक किशोर दास को सेवानिवृति के पश्चात विदाई दी गई। बनासो के ग्रामीण, विद्यालय प्रबंधन समिति, अध्ययनरत छात्र–छात्राएं एवं विद्यालय में पदस्थापित सभी शिक्षकों ने उन्हें अंगवस्त्र वह उपहार देकर भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा की अलख जगाने में इनका काफी योगदान रहा। काफी लंबे समय से विद्यालय में दोनों ने अपनी सेवा दी। इनका कार्यकाल निर्विवाद रहा। सभी ने इनके सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष अमूल्यचंद्र पांडेय, प्रयाग पासवान, कामेश्वर पांडेय, सुरेंद्रनाथ पांडेय, महंत पांडेय, नकुल पांडेय, श्रीकांत पांडेय, रा. जकुमार पांडेय, विजय नंदन पांडेय, शशि रंजन पांडेय, दीपचंद महतो, देवशरण यादव, शेख जलील, अख्तर खान, उमेश शाह, साबिर हुसैन, सुरेश राम, विनोद गुप्ता, अतुल पांडेय, संदीप पांडेय, विजय राणा, महेंद्र राणा, विक्रम ठाकुर, अलख नि. रंजन पांडेय, सुनील कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।







APEM LIVE